पंजाब केसरी
THU,12 MARCH 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 1

हिमाचल सरकार ने बदला स्कूल विलय का फैसला, कई स्कूल फिर से किए स्वतंत्र

शिमला, 11 मार्च (ब्यूरो): प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने पूर्व में जारी आदेश में संशोधन करते हुए कई सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विलय संबंधी फैसले में बदलाव किया है। बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई।

अधिसूचना के अनुसार बिलासपुर में पी.एम. श्री मुख्यमंत्री आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल (ब्वायज) बिलासपुर और गवर्नमैंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल बिलासपुर को मिलाकर एक को-एजुकेशनल स्कूल बनाने का निर्णय रद्द कर दिया गया है। अब दोनों स्कूल स्वतंत्र रूप से को-एजुकेशनल संस्थानों के रूप में कार्य करेंगे। इनमें पी.एम. श्री मुख्यमंत्री आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल बिलासपुर को लीड स्कूल बनाया गया है तथा इसे सी.बी.एस.ई. से संबद्ध किया गया है, जबकि गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल बिलासपुर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रहेगा।

इसी तरह मंडी में पी.एम. श्री मॉडल (गर्ल्स) सीनियर सैकेंडरी स्कूल और गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी (ब्वायज) स्कूल मंडी के प्रस्तावित विलय को भी रद्द कर दिया गया है। अब दोनों स्कूल अलग-अलग को-एजुकेशनल स्कूल के रूप में चलेंगे। गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल मंडी को लीड स्कूल बनाते हुए इसे सी.बी.एस.ई. से जोड़ा गया है, जबकि पी.एम. श्री मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल मंडी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रहेगा।

कुल्लू में शहीद श्री बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुल्लू को सी.बी.एस.ई. से संबद्ध किया गया है, जबकि पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुल्लू हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रहेगा।

इसके अतिरिक्त धर्मशाला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (ब्वायज) धर्मशाला को प्रस्तावित विलय के लिए लीड स्कूल घोषित किया गया है तथा इसे सी.बी.एस.ई. से संबद्ध किया जाएगा। वहीं नालागढ़ में भी लड़कों और लड़कियों के सरकारी स्कूलों को को-एजुकेशनल स्कूल में परिवर्तित करते हुए पुनर्गठित किया गया है।

पंजाब केसरी
THU,12 MARCH 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

गणित के पेपर में नकल करते पकड़ा छात्र

चम्बा, 11 मार्च (काकू): जिले में फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने बोर्ड की परीक्षा में एक छात्र को नकल करते पकड़ा है। छात्र का केस बना दिया गया है। वहीं परीक्षा संचालकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को 10वीं कक्षा का गणित का पेपर था। कार्यवाहक ए.सी. टू डी.सी. राहुल धीमान की अगुवाई में फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने बाल विद्यालय चम्बा में दबिश दी।

इस दौरान परीक्षा केंद्र में एक विद्यार्थी नकल करते हुए पाया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्र का केस बना दिया है। साथ ही स्कूल में परीक्षा ड्यूटी पर तैनात स्थानीय स्कूल के स्टाफ को भी हटा दिया है।

उधर, फ्लाइंग स्क्वायड की एक टीम ने उपनिदेशक क्वालिटी विकास गुप्ता की अगुवाई में जिले के 2 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। टीम में विशाल शर्मा, इमरान खान, सपना महाजन और कामेश्वर मौजूद रहे। सबसे पहले टीम सुबह करीब 10 बजकर 10 मिनट पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा पहुंची।

परीक्षा हॉल में जाकर परीक्षा संचालन का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। इसके बाद करीब 11 बजे टीम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैनीखड्ड पहुंची। इस स्कूल में भी जांच की गई, लेकिन नकल का कोई मामला सामने नहीं आया है।

यह दोनों स्कूल जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर हैं। यहां तक पहुंचने के लिए टीम सुबह ही निकल चुकी थी और सही समय पर स्कूलों में पहुंचकर व्यवस्थाएं जांचीं और जो खामियां पाई गईं, उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए गए।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक विकास महाजन ने बताया कि नकल का एक मामला सामने आया है। इसमें नियमानुसार कार्रवाई की गई है। वहीं स्कूल से लोकल स्टाफ को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर परीक्षा के दौरान नए स्टाफ की नियुक्ति की गई है।

इन दिनों 10वीं व जमा दो कक्षा की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए क्वालिटी एजुकेशन विंग की फ्लाइंग स्क्वायड टीम लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर रही है।